प्रेस-विज्ञप्ति **18.04.2019**

आज दिनांक ***18.04.2019*** को अपरान्ह 12:00 बजे से ***मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश सभागार*** में ***"मतदाता जागरूकता हेतु एक संवाद"*** पर सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के संभ्रांत एवं प्रबुद्ध वर्गों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
मतदाता जागरूकता पर आयोजित सत्र की शरुआत श्री वीरेन्द्र सिंह, ADM (F), कानपुर नगर, द्वारा सभागार में उपस्थित गणमान्यों को वोट डालने के लिए शपथ दिलाकर की गयी।

उक्त जागरूकता सत्र में मंचासीन श्री वीरेन्द्र सिंह, ADM (F), कानपुर, श्री सर्वेश्वर शुक्ला, जॉइंट कमिश्नर, इंडस्ट्रीज, श्री मुकुल टंडन, कौंसिल मेम्बर, मर्चेंट्स चैम्बर, श्री विजय पण्डे, मेम्बर, मर्चेंट्स चैम्बर, डॉ. आई.एम. रोहतगी, वरिष्ठ कौंसिल मेंबर- मर्चेंट्स चैम्बर, श्रीमती वन्दना निगम, लायंस क्लब से थे।

श्री विजय पांडेय, कौंसिल मेंबर, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, ने बताया कि हमें अपनी ऊर्जा सिर्फ उन घरों में लगानी की जरुरत है जहां पर लोग अपने घरों से वोट डालने निकलते ही नहीं है। इसके लिए हमें घर-घर जाकर सर्वे करना होगा और उनको मतदान के लिए जागरूक करना होगा। आज के समय में हमारे 1 वोट की कीमत सिर्फ वोट देने और विकास होने के बाद ही पता चलती है। आज के समय में अगर कोई व्यक्ति व्यक्ति वोट नहीं डालता है तो उसका बहिष्कार करना चाहिए।
मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के ट्रेड कमिटी के चेयरमैन **प्रेम मनोहर गुप्ता** ने बताया कि कुछ अन्य देशों में बड़ा प्रचलित स्लोगन है कि, "Only idiots don't vote or in other words, those who don't vote can be considered idiot."

श्री सर्वेश्वर शुक्ला, जॉइंट कमिश्नर, इंडस्ट्रीज, पिछली बार के चुनाव में हम लोगों ने अन्त तक प्रयास किया परन्तु परिणामस्वरूप केवल 53% मतदान हुआ था। वोटिंग स्लोगन्स की एक झड़ी लग गयी है और भी तरह-तरह के अनेकानेक प्रयास किये जा रहे है परन्तु जब तक हम स्वयं को विश्लेषित नहीं करेंगे हमारा वोटिंग प्रतिशत नहीं बढ़ सकता है इसलिए हम खुद का विश्लेषण करें और मतदान करने के लिए अवश्य जाएँ।
श्री वीरेन्द्र सिंह, ADM (F), कानपुर नगर, ने सभागार में उपस्थित समस्त गणमान्यों के विचारों को सुनने के पश्चात यह सूचित किया कि कोइ भी नागरिक अपना नाम इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर सर्च कर सकता है। यदि किसी नागरिक का नाम वेबसाइट पर नहीं है तो वह मतदाता बनने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया प्रारूप 6 भर कर निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकता है। हर चुनावीं साल में लगभग 2 से 2.5 लाख मतदाता चुनाव के लिए बढ़ते है। श्री सिंह ने बताया कि हमारे B.L.Os. द्वारा बड़े स्तर पर चुनाव सम्बन्धी कैम्पैन चालाया जा रहा है तथा चुनाव में अधिकाधिक भागीदारी के लिए निर्वाचन व्

अन्य समबन्धित टीम बड़े स्तर पर प्रयासरत है। हमें विभागों द्वारा किये गये प्रयासों के साथ-साथ स्वयं भी जागरूक होना पड़ेगा तभी हम अपने वोट का सही उपयोग कर सकते है।

मंच का संचालन डॉ. सुधान्शु राय ने किया।

मतदाता जागरूकता सत्र में श्री महेंद्र नाथ मोदी, सचिव- मर्चेंट्स चैम्बर , श्री आशीष शर्मा, डॉ. गायत्री शर्मा, डॉ. अनुज कुमार मिश्रा, विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, व् मतदाता जागरूकता अभियान में जागरूक स्वयं सेवी संगठन उपस्थित थे।

सधन्यवाद